**CBSE Class–3 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 6. हमसे सब कहते हैं**

**नया शीर्षक**

**प्रश्न- अगर तुम्हें इस कविता का नाम बदलने को कहें तो तुम इसे क्या नाम दोगे?**

**उत्तर-** अगर हमें इस कविता का नाम बदलने को कहा जाए तो हम इसे 'भेदभाव' या 'टोकाटाकी' नाम देंगे|

**प्रश्न- पाठशाला में और घर में तुम्हे क्या-क्या करने के लिए कहा जाता है और क्या-क्या करने के लिए मना किया जाता है| नीचे वाली तालिका में लिखों|**

**उत्तर-**

| करो | मत करो |
|---|---|
| साफ़-सुथरा रखो | कागज़ या फलों के छिलके इधा-उधर मत डालो |
| मैदान या पार्क में खेलो | दीवारों पर न लिखो |
| फूल मत तोड़ो | नियमों का पालन करो |

**ज़रा-सोचो**

**प्रश्न- सूरज चाँद की रोशनी को भगा देता है**

**बादल सूरज की रोशनी को भगा देता है**

**हवा बादल को भगा देती है, बताओ, कौन किससे ज्यादा ताकतवर है|**

**उत्तर-** सभी में सूरज सबसे ताकतवर है, क्योंकि चाँद तो सूर्य के प्रकाश में चमकता है| यदि वह चाँद के प्रकाश को भगा देता तो सूरज ही सदा निकला रहता | बादल सूर्य को थोड़े समय के लिए ही ढकता है क्योंकि हवा उसे उड़ाकर ले जाती है| सूर्य की रोशनी फिर आ जाती है| हवा का सूर्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है|

**तुम्हारी बात**

**प्रश्न- अम्मा, पापा, भैया, दीदी सभी बड़ों का बच्चों पर बस चलता है|**

***तुम्हारा किस-किस पर बस चलता है?**

**उत्तर-** हमारा खिलोने आदि पर बस चलता है| उन्हें हम तोड़-फोड़ भी लेते हैं|

***तुम्हारे घर में तुम्हे कौन-कौन टोकता रहता है?**

**उत्तर-** हमें दादा-दादी, पापा-मम्मी, बड़े भाई-बहन सभी टोकते रहते हैं|

***किन-किन बातों पर तुम्हें अकसर टोका जाता है?**

**उत्तर-** दीवार पर लिखने, गंदगी फैलाने, खिलौने को तोड़ने, घर पर शोर मचाने और फूल तोड़ने आदि पर टोका जाता है|

**कौन सी चीज़ कहाँ**

**शालू को बहुत-सी चीजों के नाम आते हैं| उसने नामों को लिखकर पट्टी भर ली| वे नाम मैंने नीचे लिख दिए हैं|**

**शालू की सूची**

शक्कर, कबड्डी, पपीता, मार-कुटाई, लोमड़ी, गुलाबजामुन, शेर, ककड़ी, शतरंज, बल्ला, मगर, लड्डू, गाय, बेर, पेड़ा, बकरी, गिल्ली, कबूतर, पतंग, मसाला, लट्टू, तोता, शहतूत, चटनी|

**प्रश्न- अब शालू यह सोच रही है की किस नाम को किस खाने में लिखना है| क्या तुम उसकी मदद कर सकती हो?**
**उत्तर-**

| अक्षर | जानवर या पक्षी | खाने-पीने का सामान | खेल का नाम या सामान |
|---|---|---|---|
| **ब** | बकरी | बेर | बल्ला |
| **म** | मगर | मसाला | मार -कुटाई |
| **क** | कबूतर | ककड़ी | कंकड़ |
| **ल** | लोमड़ी | लड्डू | लट्टू |
| **प** | पांडा | पपीता | पतंग |
| **ग** | गाय | गुलाब -जामुन | गिल्ली |
| **श** | शेर | शक्कर | शतरंज |

**प्रश्न- ऐसे ही खेल तुम और अक्षरों के साथ खेल सकते हो| अलग तरह के खाने भी बना सकते हो- जेसे 'ट' से शुरू होने वाली गोल या लाल चीज़|**
**अब हर एक खाने के नाम वर्णमाला के हिसाब से एक कम्र से लगाओ-**
**उत्तर-**

| |
|---|
| जानवर या पक्षी कबूतर, गाय, तोता, बकरी, मगर, लोमड़ी, शेर |
| खाने पीने का समान ककड़ी, गुलाब-जामुन, चटनी, पपीता, पेड़ा, बेर, मसाला, लड्डू, शक्कर, शहतूत |
| खेल का नाम समान कबड्डी, गिल्ली, पतंग, बल्ला, लट्टू, शतरंज| |

**प्रश्न- 'हमसे सब कहते' कविता में जिन लोगों, चीजों और जगहों के नाम आए हैं, उन्हें नीचे दी गई तालिका में लिखो|**
**उत्तर-**

| लोग | चीज़ | जगह |
|---|---|---|
| भैया<br>अम्मा | | |

| | | |
|---|---|---|
| पापा<br>सूर्य<br>चाँद<br>बादल<br>हवा<br>हम | धूप<br>चाँदनी<br>जलधार<br>खिलौने | यहाँ<br>अंदर<br>घर-भर<br>बाहर |

**आओ, अब इन चित्रों से एक नई कहानी बनाएँ|**

**चालक कौआ**

एक बार एक भूखे कौए को एक रोटी मिली|

कौए के पास रोटी देखकर, लोमड़ी का मन ललचाया| वह कौए से रोटी लेने का सोचने लगी|

लोमड़ी बोली-कौए भाई तुम तो इतना अच्छा गाते हो! आज मुझे भी एक गाना सुनाओ|

कौआ चतुर था| उसने रोटी को अपने पंजे में दबाया और बोला- मैं सब समझता हूँ| लोमड़ी बहन! तुम्हें रोटी नहीं मिलेगी|

लोमड़ी बुरा-सा मुँह बना कर चली गई|

और कौआ मज़े से रोटी खाने लगा|